**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 22.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखक छत्तीसगढ़ के विनोद कुमार शुक्ल को इस साल का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा।**
- **आज विश्व जल दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– जल सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है।**
- **छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के रिएजेंट खरीदी घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने पांच अधिकारियों को किया गिरफ्तार–सभी आरोपी सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे गए।**
- **छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।**

**विनोद कुमार शुक्ल–ज्ञानपीठ पुरस्कार**

हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखक छत्तीसगढ़ के विनोद कुमार शुक्ल को इस साल का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा। इसकी घोषणा आज नई दिल्ली में की गई। श्री शुक्ल राजधानी रायपुर में रहते हैं और उनका जन्म एक जनवरी उन्नीस सौ सैंतालीस को राजनांदगांव में हुआ। वे पिछले पचास सालों से साहित्य लेखन में जुटे हुए हैं। उनका पहला कविता संग्रह ''लगभग जयहिन्द'' वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में प्रकाशित हुआ था। उनके उपन्यास ''नौकर की कमीज'', ''खिलेगा तो देखेंगे'' और ''दीवार में एक खिड़की'' हिन्दी के सबसे बेहतरीन उपन्यासों में माने जाते हैं। साथ ही उनकी कहानियों का संग्रह ''पेड़ पर कमरा'' और ''महाविद्यालय'' भी चर्चा में रहा है। उनकी कविताओं में ''वह आदमी चला गया, नया गरम कोर्ट पहनकर'', ''आकाश धरती को खटखटाता है'' और ''कविता से लंबी कविता'' बेहद लोकप्रिय हुई है। श्री शुक्ल ने बच्चों के लिए भी किताबें लिखी हैं। उनकी किताबों का कई भाषाओं में अनुवाद भी हो चुका है। विनोद कुमार शुक्ल को इससे पहले उनके लेखन के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं। इनमें गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार और साहित्य अकादमी पुरस्कार शामिल हैं। वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने पर आकाशवाणी समाचार से अपनी पहली प्रतिक्रिया में खुशी जाहिर की है। श्री शुक्ल ने कहा कि मुझे और ज्यादा लिखना था, लेकिन नहीं लिख पाया, इसका मुझे अफसोस है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। श्री शुक्ल ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ को देश के साहित्यिक पटल पर गौरवान्वित होने का अवसर दिया है।

**विश्व जल दिवस**

आज विश्व जल दिवस है। इसका उद्देश्य वर्ष दो हजार तीस तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। इस वर्ष का विषय है ग्लेशियर संरक्षण। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। इधर, छत्तीसगढ़ में विश्व जल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की है। उधर, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के दुर्गाधारा पर्यटन स्थल में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, बेमेतरा जिले में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

**सीजीएमएससी–अधिकारी गिरफ्तार**

प्रदेश के बहुचर्चित छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन–सीजीएमएससी के रिएजेंट खरीदी घोटाला मामले में आर्थिक अपराध शाखा–ईओडब्ल्यू ने पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। उन पर छह सौ साठ करोड़ रुपये के रिएजेंट और मेडिकल उपकरणों की खरीद में घोटाला करने का आरोप है। ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार अधिकारियों में कॉरपोरेशन के दो महाप्रबंधक और स्वास्थ्य विभाग के एक उपनिदेशक भी शामिल हैं। गिरफ्तार सभी अधिकारियों को आज सुबह ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू इस मामले में सप्लायर मोक्षित कारपोरेंशन के ायरेक्टर शशांक शुक्ला को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

**अग्निवीर भर्ती–परिणाम**

छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के परिणाम आज घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में सफल अभ्यर्थी इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। अभ्यर्थी परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी के वेबसाइट **डब्ल्यू. डब्ल्यू.डब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन** में देख सकते हैं। परिणाम सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

**पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों में यह बात हमेशा से कायम है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और भूमिका बढ़ जाती है, इसलिए लगातार सीखते रहना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि विधायक बनते ही लीडर बन जाने की धारणा गलत होगी। लीडर बनना एक प्रक्रिया है और इसे लगातार सीखना होगा।

**कांग्रेस–जिलाध्यक्ष**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के ग्यारह जिलों में नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के महासचिव और सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ के बालोद से चन्द्रेश हिरवानी, दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर, नारायणपुर से बिसेल नाग, कोंडागांव से बुधराम नेताम, कोरबा शहर से नाथूलाल यादव और कोरबा ग्रामीण से मनोज चौहान को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह, बलौदाबजार से सुमित्रा धृतलहरे, सारंगगढ़–बिलाईगढ़ से ताराचंद देवांगन, सरगुजा से बालकृष्ण पाठक, बलरामपुर से कृष्ण प्रताप सिंह और बेमेतरा से आशीष छाबड़ा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है।

**विस–बजट सत्र समापन**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र कल संपन्न हो गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने जुलाई में मानसून सत्र आयोजित करने की घोषणा की। डॉक्टर सिंह ने विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के बारे में कहा कि आगामी चौबीस मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ आएंगी। इस दौरान वे विधानसभा में विधायकों को संबोधित करेंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि बजट सत्र चौबीस फरवरी को शुरू हुआ था। इस दौरान कुल सत्रह बैठकें हुईं। सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक सहित चौदह विधेयक पारित किए गए।

**खिलाड़ी–सम्मान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर स्थित अपने निवास में गोवा और उत्तराखंड नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर एक सौ तीस खिलाड़ियों के खातों में एक करोड़ पंचानवे लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। इस मौके पर श्री साय ने खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए हरसंभव संसाधन और समर्थन उपलब्ध कराने तैयार है।

**संपत्ति–फ्रीज**

जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन ''आघात'' के तहत सफेमा कोर्ट मुंबई के माध्यम से गांजा तस्कर हीराधर यादव की करोड़ों रूपए की अवैध संपत्ति फ्रीज कराई है। जिले के पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने बताया कि ग्राम हल्दीझरिया निवासी हीराधर यादव लंबे समय से गांजे का अवैध व्यापार कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी संपत्ति को फ्रीज करने के लिए पुलिस ने विभिन्न विभागों से जानकारी एकत्रित कर मुंबई के सफेमा कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने आरोपी को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया। इसके बाद कोर्ट ने पुलिस के आर्थिक अन्वेषण को सही ठहराते हुए उसकी संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। दक्षिण–पूर्व उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए मराठावाड़ा तक डेढ़ किलोमीटर की ऊंचाई पर एक द्रोणिका बनी हुई है। साथ ही छत्तीसगढ़ के ऊपर एक चक्रीय चक्रवात भी बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल मुख्यतः उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक–दो जिलों में हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज बेमेतरा प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। वहीं, राज्यपाल ने बेमेतरा कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

– बलरामपुर जिले की बसंतपुर पुलिस ने नकली पुलिस बनकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह के सरगना सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

– कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने आज दीपका खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान एसईसीएल के सीएमडी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

– भिलाई स्टील प्लांट के डीजीएम अनिमेष तिवारी के बंगले में बीती देर रात आग लग गई। इस हादसे में उनके पिता उमेश नारायण तिवारी की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>